**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-16 का उत्तर -**

---

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 16(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे की प्रधानमंत्री द्वारा गरीबों के लिये शुरू की गयी आयुष्मान योजना में जनपद-गोरखपुर के बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को कब तक दुरूस्त करा लिया जायेगा? | बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन में कोई समस्या नहीं आ रही है। कालेज के नेहरू चिकित्सालय में आयुष्मान योजना के सुचारू संचालन हेतु एक नोडल अधिकारी सहित चार आयुष्मान मित्र नियुक्त है, जो कि विभागवार आयुष्मान मरीजों को चिन्हित करते हुये उन्हें योजना से मिलने वाली सुविधाओं को उपलब्ध कराते है। चिकित्सालय के ट्रामा इमरजेंसी में 24×7 एक आयुष्मान मित्र की ड्यूटी लगी होती है, जो कि इमरजेंसी में आने वाले आयुष्मान मरीजों को योजना के अनुसार चिकित्सीय उपचार उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान करता है। |
| (ख) क्या मेडिकल कालेज के कर्मचारी आयुष्मान योजना के तहत आने वाले मरीजों की मदद नहीं कर सकते हैं? | आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत आबद्ध मेडिकल कालेज में योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों की सहायता हेतु आरोग्य मित्रों की तैनाती की गयी है। इसके अतिरिक्त चिकित्सालयों में लाभार्थियों की सहायता हेतु कियोस्क की स्थापना की गयी है। मेडिकल कालेज तथा चिकित्सालय के सभी कर्मचारियों सहित आयुष्मान मित्रों द्वारा भी आयुष्मान भारत योजना से पोषित मरीजों की पूर्ण मदद की जाती है। |
| (ग) क्या जानकारी के अभाव में एवं कर्मचारियों द्वारा मदद न किये जाने की वजह से आयुष्मान योजना के लाभार्थी भी अपना इलाज आयुष्मान योजना के अन्तर्गत कब तक करायेंगे? | चिकित्सालय में आने वाले योजना के पात्र लाभार्थियों का योजनान्तर्गत नि:शुल्क उपचार नियिमत रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। मेडिकल कालेज के विभिन्न वार्डों सहित चिकित्सालय में अन्य चिन्हित स्थानों पर आयुष्मान भारत योजना का लाभ उपलब्ध कराये जाने हेतु साइन बोर्ड लगाये गये है। |
| (घ) मेडिकल कालेज में मरीजों के उपचार हेतु आयुष्मान योजना की सुविधा कब तक सुचारू रूप से प्रारम्भ करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

**ब्रजेश पाठक,**
**उप मुख्यमंत्री।**